प्रादेशिक समाचार
दिनांक–16.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित होने के बाद राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। राज्य में अगले महीने की 13 और 20 तारीख को दो चरणों में मतदान होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी। एक रिपोर्ट

****

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा आज अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की नई दिल्ली में आयोजित बैठक में उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

****

इधर, इंडी गठबंधन में भी सीट शेयरिंग को लेकर मंथन जारी है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने रांची में पत्रकारों को बताया कि सीट शेयरिंग का फार्मूला लभगभ तय हो चुका है। अगले कुछ दिनों में सबकुछ सार्वजनिक हो जायेगा। उन्होंने कहा कि योग्य प्रत्याशियों को इस चुनाव में मौका दिया जायेगा।

****

झामुमो ने भी कहा है कि गठबंधन के सभी घटक दलों का एक ही लक्ष्य है–जीत हासिल करना। पार्टी की राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस बार वैसे प्रत्याशियों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनकी जीतने की संभावना ज्यादा है।

****

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने राज्य की हेमंत सरकार पर पांच वर्षों तक जनता को धोखा देने का आरोप लगाया है। श्री सेठ ने कहा कि चाहे वो युवा हों, महिला हों या किसान, सबको इंडी गठबंधन ने ठगने का काम किया है।

****

विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही देवघर जिले में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गयी हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

****

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए देवघर के सिविल सर्जन डा. रंजन सिन्हा को 70 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। पश्चिम बंगाल के आसनसोल निवासी मो. महफुज आलम ने एसीबी से शिकायत की थी कि सिविल सर्जन डा. सिन्हा नर्सिंग होम के प्रोविजनल प्रमाण पत्र के नवीनीकरण के लिए डेढ़ लाख रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। एसीबी ने अपने सत्यापन में शिकायत को सही पाया और सिविल सर्जन को पहली किस्त के रुप में 70 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

*******समाप्त**********